ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०४ | अंक : ५० | मुंबई, शुक्रवार, १६ नवंबर से २२ नवंबर २०१८ RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये

जोगेश्वरी पूर्व वार्ड क्र.७८ समाजसेवक मुराद हुसैन अन्सारी के प्रतिनिधि मंडल ने

एआईएमआईएम मुंबई जनरल सेक्रेटरी सालिम भाई कुरैशी से वार्ड के कार्य को लेकर मुलाकात की

शाईस्ता शेख

मुंबई, दिनांक ८ नवंबर २०१८ को मुंबई बांद्रा के जनरल सेक्रेटरी मुंबई से जोगेश्वरी पूर्व के बहुत सारी समस्याओं पर चर्चा की। ऑफिस पर मौजूद कई पदाधिकारी व वरिष्ठ लीडर फिरोज भाई इन लोगों ने आश्वासन दिया कि एआईएमआईएम हमेशा से लोगों के साथ है और एआईएमआईएम को जब भी परेशान जनता आवाज देगी, एआईएमआईएम के कार्यकर्ता और लीडर वहां की समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे। जोगेश्वरी के मुराद हुसैन अन्सारी और इनके साथ समाजसेवक मलिक, सद्दाम भाई और जोगेश्वरी के मुद्दों पर सलीम भाई कुरैशी ने चर्चा की।

४ साल में ५० हजार से ज्यादा किसानों ने की आत्महत्या

लखनऊः उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि आर्थिक मोर्चे पर बीजेपी की विफल नीतियों के चलते देश संकटग्रस्त हो गया है. महंगाई पर उसका कोई नियंत्रण नहीं रह गया है. नोटबंदी और जीएसटी ने बड़े पैमाने पर आर्थिक अराजकता फैलाई है. व्यापार का पूरा ढांचा ही नेस्तनाबूद हो गया है. उन्होंने कहा कि किसान को फसल की लागत भी नहीं मिल पा रही है. खाद, बीज, बिजली की किल्लत है. ऐसे में जनसामान्य की जिंदगी तबाह हुई है.

अखिलेश यादव ने कहा कि चार साल में ५० हजार से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं. मगर किसान के बजाय बीजेपी पूंजीपति घरानों की सुख-सुविधा पर ही ध्यान देती रही और दे रही है. अखिलेश ने आईपीएन को दिए अपने बयान में कहा कि जबसे भाजपा ने केंद्र और राज्य में सत्ता संभाली है, कृषि अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है.बीजेपी ने गेहूं और गन्ना किसानों को धोखा दिया. गेहूं खरीद में खूब धांधली हुई है. गन्ना मिलों में पेराई सत्र शुरू हो गया है, पर किसान को बकाया धन नहीं मिला. उन्होंने कहा कि अभी ज्वार, बाजरा, उड़द, मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित हुआ, पर हकीकत यह है कि किसान को ज्वार के घोषित २४०० रुपये की जगह मात्र १२०० रुपये, बाजरा के घोषित मूल्य १९५० की जगह १३०० रुपये, उड़द का घोषित मूल्य ५६०० की जगह ३५०० रुपये और मक्का के घोषित मूल्य १७०० की जगह मात्र १००० रुपये ही मिल रहे हैं. कोई खरीद केंद्र नहीं खोला गया है, इसलिए



किसान बिचैलियों और आढ़तियों के हाथों लुटने को मजबूर हैं.अखिलेश ने कहा कि एक ओर तो किसान को फसल का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है वहीं दूसरी तरफ डीएपी खाद में ८०० रुपये प्रति कुंतल वृद्धि कर दी गई है, जिससे वह ११०० से १५०० रुपये प्रति कुंतल बिक रही है. ५० किलो यूरिया जो गतवर्ष २९९ रुपये में मिलती थी, अब ३२० रुपये में बिक रही है. एनपीके (५० किलो) गतवर्ष के दाम १,१४० की जगह १,३५० रुपये बाजार में बिक रही है. १०० किलो गेहूं का बीज गतवर्ष २,८०० रुपये था, अब ३,२८० रुपये में मिल रहा है. अरहर, उड़द और मसूर दाल दस से १५ रुपये महंगी हो गई है.अखिलेश ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर (१४.२ किलो) के दाम ९७९.५० रुपये हो गए हैं. सरसों का तेल और रिफाइंड के दाम भी बढ़ गए हैं. बिजली की दरों में भी इजाफा हुआ है. डीजल-पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी से मालभाड़ा भी बढ़ता जा रहा है. इन वजहों से किसान और ज्यादा कर्जदार होता जा रहा है और मजबूरन फांसी के फंदे पर झूल जाता है.अखिलेश ने कहा कि किसान के बजाय भाजपा पूंजीपति घरानों की सुख-सुविधा पर ज्यादा ध्यान देती है. भाजपा इन पूंजीपतियों की खुद कर्जदार है. आम जनता का पैसा पूंजीपतियों को देकर अपना कर्ज चुका रही है और अगले चुनाव में फिर उनसे कर्ज लेकर चुनाव में झोंकने की जुगत में लगी है.सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा नेतृत्व के पास सिवाय गुमराह करने और अफवाहें फैलाने के, दूसरा कोई काम नहीं है. सोशल मीडिया में झूठ फैलाने के लिए भाजपा ने साइबर आर्मी तैनात कर रखी है. इनके झूठे वादे और फरेबी नीयत अब सबके सामने आ गया है. अखिलेश ने कहा कि किसानों की आय दुगनी करने का खूब हल्ला मचा, लेकिन आज तक उसका ब्योरा नहीं मिल पाया है. अभी कृषिकुंभ के नाम पर किसानों को सिर्फ बहकाने का प्रयास हुआ था। कोई किसान अब धोखा खाने के लिए तैयार नहीं है.

मराठा आरक्षण १ दिसंबर को मिलेगी खुशखबरी

एम.आर.शेख

मुंबई, महाराष्ट्र सरकार जल्द ही मराठा समुदाय को आरक्षण देने का ऐलान कर सकती है। माना जा रहा है कि एक दिसंबर को सूबे की फडणवीस सरकार इसकी घोषणा कर सकती है। खुद सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इसके संकेत दिए हैं। सीएम ने कहा है कि १ दिसंबर को जश्न की तैयारी कीजिए। पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के बाद राज्य की फडणवीस सरकार ने ऐसे संकेत दिए हैं।

दरअसल, प्रदेश के पिछड़ा वर्ग आयोग ने मराठा आरक्षण को लेकर अपनी रिपोर्ट गुरुवार को मुख्य सचिव को सौंप दी। उधर, अहमदनगर में एक रैली के दौरान सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इस रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा, 'हमें अल्पसंख्यक आयोग से मराठा आरक्षण पर रिपोर्ट मिली है। मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि १ दिसंबर को जश्न मनाने के लिए तैयार रहें।'

फडणवीस ने दिए थे संकेत

बता दें कि इस साल जुलाई में राज्य में मराठा आरक्षण को लेकर विभिन्न जगहों पर आंदोलन हुए, जोकि कई जगह पर हिंसक भी हो गए थे। इसके बाद अगस्त में फडणवीस सरकार ने आरक्षण को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं के साथ मीटिंग हुई और मराठा समुदाय को कानूनी तरीके से आरक्षण देने के लिए एक संयुक्त बयान पर दस्तखत किए गए। राज्य सरकार मराठा आरक्षण के समर्थन में पूरी तरह से खड़ी है। हम इसे जल्द से जल्द करने के लिए जरूरी प्रक्रिया के हिसाब से चल रहे हैं।

२५ जुलाई को मुंबई बंद के बाद हिंसा

फडणवीस ने कहा था, 'हमें यह वास्तव में साबित करना होगा कि मराठा वास्तव में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए हैं। उनकी असाधारण परिस्थितियों और पिछड़ेपन को देखते हुए मराठा लोगों को आरक्षण दिया जाना चाहिए।' बता दें कि आजाद मैदान मराठा क्रांति मोर्चा ने आरक्षण के मुद्दे पर २५ जुलाई को मुंबई बंद का आह्वान किया था और इसके बाद नवी मुंबई में जमकर हिंसा हुई थी।

बीजेपी ने जातिवाद का जहर फैलाया- शरद पवार

इस्माईल खान

मुंबईः बीजेपी पर परोक्ष प्रहार करते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को समान विचारधारा वाली ताकतों से 'इस राष्ट्रीय आपदा से' मुकाबला करने के लिए एकजुट हो जाने का आह्वान किया, ''जो जातिवाद का जहर फैलाने के पाप में लगी है.'' माकपा की किसान इकाई ऑल इंडिया किसान सभा द्वारा आयोजित सम्मेलन में पवार ने बीजेपी की अगुवाई वाली केंद्र और राज्य सरकारों पर कृषि संकट से जूझ रहे किसानों के प्रति सहानुभूति नहीं रखने का आरोप लगाया. पवार ने बीजेपी पर कृषि संकट, सूखा जैसे ज्वलंत समस्याओं से ध्यान बंटाने के लिए राममंदिर विवाद को फिर से उठाने का भी आरोप लगाया तथा किसानों से सत्तारुढ़ दल के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि बीजेपी के शासन में कामगार वर्ग को बर्बाद किया जा रहा है, किसान आत्महत्या कर रहे हैं, नये रोजगार पैदा नहीं हो रहे हैं. उन्होंने कहा, ''अतएव यह हमारी जिम्मेदारी है कि जो भी भाजपा के खिलाफ है, जो भी जातिवादी विचारधारा के विरुद्ध है.... इस राष्ट्रीय आपदा को उखाड़ फेंकने के लिए (भाजपा विरोधी) ताकतों को एकजुट होने की जरुरत है जो जातिवाद का जहर फैलाने के पाप में लगी है.''

दूध पिलाती मां से बंदर ने छीना बच्चा, मार डाला

आगरा, उत्तर प्रदेश के आगरा में बंदरों के आतंक की खबरें रोज आती हैं। लोगों के हाथों का सामान छीनकर भागने वाली घटनाएं रोज होती हैं लेकिन इस बार बंदर ने नवजात को दूध पिला रही एक मां से उसे छीन लिया और उसे फेंककर मार डाला। घटना सोमवार देर रात की है। पुलिस ने बताया कि आगरा के रुनकता इलाके में कछारा ठोक कॉलोनी है। यहां पर योगेश का घर है। योगेश ऑटो रिक्शा ड्राइवर हैं। उनकी नेहा से दो साल पहले शादी हुई थी। दोनों के घर में १२ दिन पहले एक नन्हा मेहमान आया था। नेहा रात में अपने १२ दिन के बच्चे आरुष उर्फ सनी को दूध पिला रही थीं। योगेश ने बताया कि घर का दरवाजा खुला था। तभी एक बंदर अचानक घर के अंदर घुस आया। नेहा कुछ समझ पातीं इससे पहले बंदर ने आरुष को गर्दन से उठा लिया

और बाहर की ओर भागा। नेहा भी चिल्लाती हुई बंदर के पीछे भागीं। बंदर भागकर पड़ोसी की छत पर चढ़ गया। नेहा की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकले। सबने बंदर को भगाया तो वह आरुष को वहीं फेंककर भाग गया। नेहा ने बताया कि आरुष की गर्दन से काफी खून बह रहा था। वे लोग उसे पास के प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लोगों ने बताया कि आरुष को मारने से पहले बंदर ने इलाके की एक चौदह साल की बच्ची पर भी हमला किया था। बच्ची को भी चोटें आई हैं। सब इंस्पेक्टर अतबीर सिंह ने कहा कि बच्चे का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमॉर्टम में बच्चे के सिर और गले में घाव और चोटें मिली हैं। लोगों ने यह भी बताया कि इसी इलाके में कुछ दिनों पहले भी बंदर ने एक नवजात पर हमला किया था। हालांकि उस बच्चे को बचा लिया गया था।

पटरियों पर हुए हादसे में एक दिन में १२ की मौत, पांच लोग घायल

आसिफ खान

मुंबईः मुंबई और उसके आस-पास के इलाकों में सोमवार को रेल पटरियों पर हुए अलग-अलग हादसों में कम से कम १२ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हुए हैं. राजकीय रेलवे पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से, खचाखच भरी हुई लोकल ट्रेन से गिरने, ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच के स्थान में गिरने और आत्महत्या करने के कारण ये मौतें हुईं. जीआरपी ने कहा कि ठाणे जिले और कल्याण में रेलवे की पटरियों पर तीन-तीन लोगों की मौत हो गई. दो की मौत मुंबई के वडाला क्षेत्र में हुई. रेल मंत्री पीयूष गोयल को भी नहीं मिला टिकट, एयरपोर्ट पर बैठे रहे १२ घंटे, हादसे के २ दिन बाद लौटे स्वदेश उन्होंने बताया कि कुर्ला, मुंबई सेंट्रल , बांद्रा और ठाणे के डोंबिवली में एक-एक व्यक्ति की जान गई. उपनगरीय रेलवे को यूं तो मुंबई की लाइफ-लाइन कहा जाता है, लेकिन इस पर होने वाले हादसों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. जीआरपी ने एक आरटीआई के जवाब में बताया था कि २०१७ में रेलवे पटरियों पर हुए हादसे में कम से कम ३,०१४ यात्रियों की जान गई थी.

UP के शहरों का नाम बदलकर वोटरों को चुनावी लॉलीपॉप थमा रही है बीजेपी

मुंबईः अयोध्या राम मंदिर निर्माण को लेकर अपनी सहयोगी पार्टी पर निशाना साधने के बाद अब शिवसेना वे एक बार फिर बीजेपी पर निशाना साधा है. शिवसेना ने शनिवार को अपनी सहयोगी पार्टी बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के शहरों का पुन:नामकरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए 'लॉलीपॉप' है. दरअसल, शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में यूपी के शहरों के नाम बदलने को लेकर यह निशाना साधा है.

पार्टी ने अपने मुखपत्र 'सामना' में भगवान राम की मूर्ति बनाने की आदित्यनाथ की घोषणा को लेकर भी उनकी निंदा की और कहा कि सरकार लोगों को गुमराह करने के लिए अयोध्या कार्ड खेल रही है क्योंकि वह सभी मोर्चो पर विफल रही है.पार्टी ने कहा, ''योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति बनायी जाएगी. उन्होंने फैजाबाद (जिले) का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया और उससे पहले इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया था, लेकिन सैकड़ों शहीद कारसेवकों की मांग राममंदिर थी न कि उनकी मूति.''शिवसेना ने आगे कहा कि सरकार ने बस फैजाबाद को नया नाम और मूर्ति दे दी है जो आगामी आम चुनाव के मद्देनजर वोटरों को लुभाने के लिए बीजेपी की ओर से दिया जाने वाला चुनावी लॉलीपॉप है.

संपादकीय...

पिटना और चुप रहना

भारत की डिवेलपमेंट स्टोरी के लिए यह सर्वेक्षण किसी तमाचे से कम नहीं है। वडोदरा के गैर सरकारी संगठन 'सहज' और इक्वल मेजर्स २०३० के एक सर्वे के अनुसार भारत में करीब एक-तिहाई शादीशुदा महिलाएं पतियों से पिटती हैं। १५ से ४९ साल के आयु वर्ग की महिलाओं में से करीब २७ फीसदी १५ साल की उम्र से ही घरेलू हिंसा बर्दाश्त करती आ रही हैं। विडंबना यह है कि इनमें से ज्यादातर को इससे कोई खास शिकायत भी नहीं है। मतलब यह कि उन्होंने इसे अपनी नियति मानकर स्वीकार कर लिया है। भारत में पिछले कुछ साल से घर से लेकर सड़क और कार्यस्थल तक महिलाओं के उत्पीड़न का मुद्दा राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बना है। हाल में क्ष्मीटू आंदोलन ने इसे और ऊंचाई दी है और खासकर कामकाजी दायरे में यौन शोषण के मुद्दे को केंद्र में ला दिया है। लेकिन गौर करने की बात है कि अभी सारी बहस महिलाओं के सार्वजनिक जीवन को लेकर ही हो रही है। इस बारे में तो अभी बात शुरू भी नहीं हुई है कि घर के भीतर उन्हें कैसे गरिमापूर्ण जीवन हासिल हो। इस विषय पर चर्चा शायद इस लिए भी नहीं होती कि भारत में घर को एक पवित्र जगह के तौर पर देखा जाता है और इसके भीतरी माहौल को सार्वजनिक चर्चा के दायरे में लाना मर्यादा के खिलाफ समझा जाता है। घर के भीतर होने वाली घटनाएं घर के सदस्यों का निजी मामला मानी जाती हैं।

पितृसत्ता के हाथों घर-आंगन में पिस रही औरतों के अधिकार का प्रश्न बीच में एक बार उठा, जिससे निपटने के लिए घरेलू हिंसा कानून बनाया गया। लेकिन उसका भी अनुपालन इसलिए नहीं हो पाता क्योंकि प्रायः स्वयं महिलाएं ही परिवार की मर्यादा पर आघात नहीं करना चाहतीं। फिर उन्हें यह भी लगता है कि पति के खिलाफ जाने से उनका जीवन संकट में पड़ सकता है। इसका एक कारण पति पर उनकी आर्थिक निर्भरता होती है लेकिन जो महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होती हैं, वे भी घरेलू हिंसा कानून का सहारा नहीं लेतीं क्योंकि उन्हें यह डर सताता है कि परिवार से अलग होते ही वे न सिर्फ लंपट पुरुषों के बल्कि पूरे समाज के निशाने पर आ जाएंगी। सचाई यह है कि कोई अकेली आत्मनिर्भर महिला भी चैन से अपना जीवन गुजार सके, ऐसा माहौल हमारे यहां अभी नहीं बन पाया है। कुछ महिलाएं अपने बच्चों के भविष्य के लिए घरेलू हिंसा बर्दाश्त करती हैं।

समस्या के समाधान के लिए महिलाओं को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनना चाहिए। सरकारी पहल पर नौकरी से लेकर कारोबार तक में उनकी भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। लेकिन सबसे बढ़कर परिवार के प्रति हमारी धारणा बदलनी चाहिए। परिवार स्वतंत्र मनुष्यों का आपसी रिश्ता है। कोई पूज्य प्रतिमा नहीं, जिसके भीतर किसी के साथ कोई कुछ भी कर गुजरे। इसलिए जहां भी उत्पीड़न देखें, शिकायत करें। यह सोचकर चुप न बैठें कि कल कोई आपकी इज्जत भी चौराहे पर उछाल जाएगा।

कसौटी... की कोमोलिका के डायलॉग वायरल, जानें हिना खान क्या बोलीं

हिना खान इस समय चर्चित सीरियल कसौटी जिंदगी की २ के कारण खबरों में हैं. वे इसमें कोमोलिका का किरदार निभा रही हैं, जो एक विलेन के रूप में ख्यात है. उनके डायलॉग काफी हिट हो रहे हैं. हिना खान ने इसका क्रेडिट प्रोड्यूसर एकता कपूर को दिया है.

कोमोलिका का किरदार यानी हिना खान अभी सिर्फ दो-तीन एपिसोड में ही दिखी हैं. अपनी थोड़ी सी झलक दिखाकर ही दर्शकों को उन्होंने अपना दीवाना बना दिया है. यहां तक कि लोग अब नई कोमोलिका के डायलॉग के भी टिक टॉक वीडियोज बना रहे है. एक ऐसी ही फैन के वीडियो को हिना ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है. इस वीडियो में हिना की फैन कोमोलिका के डायलॉग को बोलती दिख रही है. इस वीडियो को शेयर करते हुए हिना ने कैप्शन में लिखा है- हे भगवान मैं पागल हो जाऊंगी. आप लोग इतना प्यार भेज रहे हैं पहले लोग कोमोलिका के सिग्नेचर ट्यून पर नाचते थे और उनके डायलॉग फेमस होने वाले है. इन सबका क्रेडिट एकता कपूर को जाता है.

बता दें कि हिना हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल के साथ मालदीव घूमने पहुंची थी और वहां की कई तस्वीरों और वीडियो को उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जो कि वायरल भी हुई थी.

इससे पहले छोटे पर्दे पर हिना खान टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और बिग बॉस में नजर आई थीं. ये रिश्ता क्या कहलाता है में हिना ने एक आदर्श बहू अक्षरा का किरदार निभाया था.

हालांकि बिग बॉस सीजन ११ में उनकी छवि थोड़ी निगेटिव हो गई थी जिसके बाद अब वह कसौटी जिंदगी की में निगेटिव रोल प्ले करती नजर आ रही हैं.

दीपवीर की फोटो का इंतजार कर थकीं स्मृति ईरानी, बताया कैसा हुआ हाल

बॉलीवुड के हिट कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की १४ नवंबर को इटली के लेक कोमो में कोंकणी रिवाज से शादी हुई. फैंस अपने चहेते कपल को दूल्हा-दुल्हन के गेटअप में देखने के लिए तरस गए हैं. कड़ी सिक्योरिटी रखने के बावजूद सोशल मीडिया पर दीपवीर की धुंधली तस्वीरें सामने आई हैं. लेकिन अभी तक एक भी फोटो ऐसी नहीं है जिसमें स्पष्ट रुप से कपल का लुक देखने को मिले.

न्यूलीवेड कपल की तस्वीरों का इंतजार कर फैंस ही नहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी थक गई हैं. एक परफेक्ट पिक्चर के इंतजार का हाल बयां करते हुए स्मृति ईरानी ने इंस्टा पर एक फनी पोस्ट शेयर किया है. तस्वीर में एक कंकाल बेंच पर बैठा है. कैप्शन देते हुए स्मृति ईरानी ने लिखा- ''जब आपने दीपवीर की शादी की तस्वीरों का लंबे समय तक इंतजार किया हो.'' कोंकणी शादी के बाद १५ नवंबर को दीपिका-रणवीर सिंधी रीति रिवाजों के अनुसार शादी करेंगे. इटली में डेस्टिनेशन वेडिंग के बाद दोनों भारत में शानदार रिसेप्शन पार्टी देंगे. २१ नवंबर को दीपिका के होमटाउन बेंगलुरु में रिसेप्शन पार्टी होगी. २८ नवंबर को मुंबई के होटल ग्रैंड हयात में दूसरी रिसेप्शन पार्टी होगी.

दीपिका-रणवीर की शादी में बॉलीवुड सेलेब्रिटी नजर नहीं आए. कपल शादी को प्राइवेट रखना चाहता था इसलिए सिर्फ करीबी लोगों को ही वेडिंग का न्योता दिया गया. लेकिन मुंबई रिसेप्शन में बॉलीवुड सेलेब्स की खली कमी पूरी हो जाएगी. वहां बी-टाउन के कई नामी सेलेब्स न्यूली मैरिड कपल को शादी की बधाई देने पहुंचेंगे.

सुनील छेत्री की गैरमौजूदगी से जॉर्डन मजबूत, कोच को अब तक नहीं मिला स्टार खिलाड़ी का विकल्प

भारतीय सीनियर फुटबॉल टीम जनवरी २०१९ में यूएई में होने वाले एएफसी एशियन कप की तैयारी के सिलसिले में १७ नवंबर को जॉर्डन के खिलाफ अम्मान में खेले जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैच का इस्तेमाल अनुभव और रणनीति का अनुभव हासिल करने के लिए करेगी। भारतीय टीम इस मैच के बृहस्पतिवार को रवाना हो रही है।

भारत ने अपनी तैयारी के सिलसिले में अक्टूबर में चीन जैसी मजबूत टीम को उसके घर में गोलरहित बराबरी पर रोका था। भारत की टीम एएफसी एशियन कप २०१९में मेजबान यूएई, थाईलैंड और बहरीन के साथ है। भारत यूएई में अपने अभियान का आगाज थाईलैंड कखिलाफ ६ जनवरी को मैच खेल कर करेगा।

भारत के चीफ कोच स्टीफन कोंस्टेनटाइन ने जॉडर्न के खिलाफ इस मैच के लिए टीम के अम्मान रवान होने से पहले कहा, 'हमारे लिए जॉडर्न के खिलाफ यह मैच बहुत लाभदायक साबित होगा। चोट के कारण धुरंधर स्ट्राइकर सुनील छेत्री का जॉर्डन के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध

नहीं होना हमारे लिए बड़ा झटका है।' 'छेत्री महान खिलाड़ी है और भारत के लिए उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उनकी जगह कोई भर नहीं सकता है। किसी न किसी को तो जॉर्डन के खिलाफ मैच में छेत्री की जगह लेनी होगी। उनकी गैर मौजूदगी नौजवान खिलाड़ियों के लिए अपना दम दिखाने मौका होगा। हमें यह देखना होगा क्या कोई नौजवान खिलाड़ी इस मौके को भुना सकता है। हमें ऐसा खिलाड़ी तलाशना होगा कि जो कि भविष्य में उनकी जगह ले सके।' उन्होंने कहा, 'हम एएफसी एशियन कप की तैयारियों के क्रम में हमें जॉर्डन जैसी टीमों के खिलाफ खेलने की जरूरत है। जॉडर्न एक अच्छी टीम है और उसकी टीम में कई बढिया खिलाड़ी हैं। चीन और जॉडर्न जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ भी १८ गज के बॉक्स के भीतर गलती गवारा नहीं कर सकते क्योंकि ऐसी गलती कर आप गोल खा सकते हैं। दोनों ही टीमें तकनीकी रूप से मजबूत हैं और दोनों आपके सामने अलग तरह की चुनौती पेश करती हैं। हम अपनी योजना को मैच में अमली जामा पहनाने की कोशिश करेंगे।'

एएफसी एशियन कप की तैयारियों के लिए भारतीय टीम जार्डन के खिलाफ अम्मान में दोस्ताना मुकाबला खेलने जा रही है। टीम की मुख्य धुरी सुनील छेत्री चोटिल हैं और वह इस मुकाबले में नहीं खेल रहे हैं। यह घोषणा पहले ही की जा चुकी है, लेकिन बुधवार को कोच स्टीफन कांस्टेंटाइन जब मीडिया से रूबरू हुए तो चर्चा का सबसे बड़ा केंद्र छेत्री ही रहे। कांस्टेंटाइन ने साफ कर दिया कि छेत्री की पोजीशन पर खेलने का यह युवा फुटबालरों के लिए अच्छा मौका है। उनकी उम्र ३३ हो चुकी है। एक न एक दिन उन्हें अपने जूतों को खूंटी पर टांगना ही होगा, लेकिन उन्हें अब तक इस खिलाड़ी का विकल्प नहीं मिल रहा है। कांस्टेंटाइन ने माना कि जार्डन जैसी टीम के खिलाफ छेत्री की अनुपस्थिति बहुत बड़ा झटका है।

दिग्गज आनंद ने ब्लिट्ज खिताब जीता, नाकामुरा को दी मात

दिग्गज *शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ में एक दिन पहले तक शीर्ष पर चल रहे हिकारू नाकामुरा को हराकर पहला टाटा स्टील शतरंज भारत ब्लिट्ज टूर्नामेंट जीता.*

आनंद मंगलवार को पहले चरण के बाद चौथे स्थान पर थे, लेकिन अंतिम दिन इस ४८ साल के भारतीय ने छह बाजियां जीतीं तथा तीन ड्रॉ खेली और वह विश्व में तीसरे नंबर के अमेरिकी नाकामुरा की बराबरी पर पहुंच गए.

इसके बाद विजेता तय करने के लिए दो दौर का प्लेऑफ खेला गया, जो ब्लिट्ज से भी तेज होता है. आनंद ने सफेद मोहरों से जीत दर्ज की और फिर काले मोहरों से ड्रॉ खेलकर १.५-०.५ से जीत हासिल हासिल की.

कोलकाता में १९९२ के बाद पहली बार खेल रहे आनंद ने कहा, 'मैं दर्शकों को यह दिखाना चाहता था कि मैं इतने समय में दुनिया के अन्य स्थानों पर क्या करता रहा और मैं यहां भी वैसा करने में सफल रहा इससे अच्छा लग रहा है.'

यह स्टार खिलाड़ी २०१३ में अपने घरेलू शहर में विश्व चैंपियनशिप में मैगनस कार्लसन से हारने के बाद पहली बार स्वदेश में किसी टूर्नामेंट खेल रहा था. भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रागनंदा ने भी आखिरी दौर में नाकामुरा को ड्रॉ पर रोकर आनंद की जीत में हाथ बंटाया.

नाकामुरा ने जीत के बाद कहा, 'मैं पक्के तौर पर कह सकता हूं कि मैं विशी की उम्र में शतरंज नहीं खेलूंगा. इसलिए यह बेजोड़ है और विशेषकर अगर आप उनकी तुलना गैरी कास्पारोव से करते हैं.'

आयुक्त जायसवाल ने लिया निर्णय, रु500 करोड़ के लिए अभय योजना बंद

ठाणे, संपत्ति कर और पानी बिल की वसूली के लिए ठाणे मनपा आयुक्त ने कुल ५०० करोड़ रुपए की वसूली का लक्ष्य रखा है। साथ ही अभय योजना को खत्म करने तथा अधिक कर वसूली के लिए कठोर कार्रवाई का निर्देश भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया है। बता दें कि मनपा आयुक्त संजीव जायसवाल ने मंगलवार को यूआर सिटी में संपत्ति कर और पानी बिल सहित अन्य विषयों के संदर्भ में एक बैठक बुलाई थी, जिसमें आयुक्त जायसवाल ने संपत्ति कर विभाग और जलापूर्ति विभाग को कर वसूली में गति लाने का निर्देश देते हुए कहा कि संपत्ति कर और पानी बिल की वसूली का ८४ फीसदी अर्थात ५०० करोड़ रुपए की वसूली दिसंबर माह के अंत तक हो जानी चाहिए। अब तक मनपा द्वारा संपत्ति कर की वसूली पर नजर डाली जाए तो करीब ३०२ करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है जो कि निर्धारित लक्ष्य से ५० फीसदी से अधिक है। साथ ही ठाणे में करीब ४.७५ लाख टैक्सधारकों में से २.६६ लाख ग्राहकों ने कर जमा किया है जबकि २.०९ लाख लोगों ने कर नहीं भरा है। बकाया लोगों के लिए प्रभाग समिति निहाय विशेष वसूली मुहिम शुरू करने का निर्देश भी आयुक्त जायसवाल ने सभी सहायक आयुक्तों और वॉर्ड अधिकारियों को दिया है।

अवैध बैनर-होर्डिंग, दर्ज होगा मामला

दिवाली के दौरान मनपा से बिना अनुमति के शहरभर में अवैध तरीके से होर्डिंग और बैनर लगानेवालों पर कोर्ट का अपमान किए जाने का मामला दर्ज किया जानेवाला है क्योंकि मनपा आयुक्त संजीव जायसवाल ने मंगलवार को एक बैठक में उक्त आदेश मनपा विधि विभाग को दिया है। साथ ही अतिक्रमण विभाग को फीस भी वसूलने का आदेश सभी सहायक आयुक्तों को दिया है।

इमारत में लगी आग

मुंबई, अंधेरी के वीरा देसाई मार्ग पर स्थित २२ मंजिला इमारत में कल भीषण आग लग गई। यह आग कदमनगर एसआरए (चॉल) की १०वीं और ११वीं मंजिल पर लगी थी। यह घटना कल रात करीब ८.३० बजे घटी। मनपा आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग ने घटनास्थल पर पहुंचते ही मोर्चा संभाल लिया। खबर लिखे जाने तक दमकल विभाग ने आग में फंसे ४ में से ३ लोगों को बचा लिया था जबकि १ की तलाश जारी थी। इनमें से २ लोगों की मौत होने की बात कही जा रही है।

६ हजार के लिए रचा, अपहरण का नाटक

मुंब्रा, पड़ोसी से ६ हजार रुपए का कर्ज लेकर फरार हुई युवती ने अपने अपहरण का ऐसा नाटक रचा कि उसके परिजनों के साथ-साथ पुलिसवालों की भी नींद हराम हो गई। फिलहाल पुलिस ने युवती को परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कौसा अलमास कॉलोनी स्थित मकसूद नगर निवासी १९ वर्षीय युवती नुरुल निशा ने अपने पड़ोसी से ६,००० रुपए कर्ज लिया था। इस बात को अपने परिजनों से छुपाने के लिए वह अपने एक दोस्त की मदद से फरार हो गई। युवती के बाप इमामुल हक अंसारी की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। इसी दौरान युवती ने अपने परिजनों तथा दोस्तों को फोन कर बताया कि तीन लोगों ने उसका अपहरण कर लिया है और विरार रेलवे स्टेशन के बाथरूम में बंद करके रखा है। यह सूचना मिलते ही मुंब्रा पुलिस ने विरार रेलवे पुलिस को इसकी जानकारी दी। विरार रेलवे पुलिस ने पूरे रेलवे स्टेशन से लेकर आस-पास के सभी शौचालयों को छान मारा पर कुछ हासिल नहीं हुआ। दूसरे दिन फिर युवती ने विरार व दहाणू में रखे जाने की जानकारी पुलिस को दी। जिस समय युवती यह सब नाटक कर रही थी, उस समय जांच में जुटी पुलिस ने उसके दो साथियों मुर्तजा और हुसैन को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरे मामले का भंडाफोड़ हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे मैसेज भेजा, जिसमें पुलिस को गुमराह करने के आरोप में उस पर व उसके परिजनों पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लेने की चेतावनी दी गई थी। इस धमकी के बाद युवती ने विरार स्थित अपने लोकेशन की जानकारी पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और उसे उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

ब्राह्मण महासम्मेलन २५ नवंबर को

ठाणे: ब्रह्म फाउंडेशन और गौड ब्राह्मण संस्था के वार्षिक महोत्सव के अवसर पर '७वां ब्राह्मण महासम्मेलन' एवं '१०वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन' २५ नवंबर को आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम ठाणे महानगर पालिका के वेदांत खुला नाट्य मंच, वर्तक नगर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में दसवीं कक्षा से प्रोफेशनल डिग्री तक के मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक ऐड. बी.एल. शर्मा ने दी। महासम्मेलन का उद्घाटन महामंडलेश्वर बालयोगेश्वर महाराज करेंगे।

छुट्टियों में कब्जा, अब तोड़क कार्रवाई

मुंबई: दिवाली की छुट्टियों में ५ दिन बीएमसी बंद होने का फायदा उठाकर अवैध निर्माण करने वाले लोगों पर शामत आ गई। बांद्रा में हाइवे और एसवी रोड के जंक्शन पर स्थित कुरैशी नगर में बने अवैध २५० झोपड़े बीएमसी ने तोड़ दिए। खुली जगह पर छुट्टियों का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों ने कब्जा जमा लिया था। दरअसल, खुली जगहों पर कब्जा करने की यह पुरानी तरकीब है। जानकार का कहना है कि पहले दो-तीन बार इन्हें तोड़ा जाता है, फिर बाद में प्रशासन दूसरे कामों में उलझ जाता है।

ब्रोकर से मांगा एक करोड़ का हफ्ता

ठाणे: शहर निवासी शेयर मार्केट में बतौर सब ब्रोकर कार्यरत व्यवसायी से कुख्यात अपराधी रवि पुजारी ने एक करोड़ रुपये हफ्ता मांगा है। धमकी का फोन व्यवसायी को इंटरनेट के जरिए किया गया था। कलवा पुलिस में शिकायत के बाद मामला ठाणे पुलिस के हफ्तावसूली निरोधी दस्ते को सौंपा दिया है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिस व्यक्ति ने फोन कर धमकी दी है, उसकी आवाज रवि पुजारी की आवाज से अलग है। शिकायतकर्ता पिछले कई साल से फाइनैंशल कंसल्टेंसी चलाता है।

नगरसेवक के घर से लाखों की चोरी

वसई: साई नगर इलाके में बहुजन विकास आघाडी के नगरसेवक संदीप पाटील के घर से अज्ञात चोरों ने लगभग ४ लाख रुपये की जूलरी चोरी की है। अमीपार्क निवासी वर्षा संदीप ने बताया कि वह २ दिन पूर्व किसी काम से बाहर गए थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर बेडरूम में रखी तिजोरी से ३ लाख ९० हजार जेवरात चोरी कर लिए।

कल्याण में अवैध बोर्डों पर कार्रवाई

कल्याण: कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका ने दुकान के सामने फुटपाथ तक बोर्ड लगाए दुकानों के बोर्ड तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। अब तक लगभग १०० दुकानों का बोर्ड छोड़ दिया है। मनपा के अधिकारी लगातार अवैध रूप से बने बोर्ड तोड़ने का काम शुरू कर दिए है। हालांकि मनपा के इस कार्रवाई से दुकानदारों में नाराजगी है।

लखनऊ में नहीं रुकेंगी ये ट्रेनें

मुंबई: रेलवे ट्रेन संख्या १५०४५-४६, १९०३८-३७, १९०३९-४०, १९०२२-२१ के मार्गों में बदलाव करने जा रही है। ये ट्रेनें पहले कानपुर सेंट्रल-मानक नगर-ऐशबाग-मल्हौर-बराबंकी जाती थीं। अब कानपुर सेंट्रल-मानक नगर-ऐशबाग-मल्हौर-बराबांक होकर जाएंगी।

७ स्टेशनों पर लहराएगा राष्ट्रध्वज

मुंबई: भारतीय रेल ने देश के ७५ सबसे व्यस्त स्टेशनों के परिसरों में इस साल के अंत तक १०० फुट ऊंचा राष्ट्रध्वज लगाने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड ने २२ अक्टूबर को इस सिलसिले में आदेश जारी किया है। अधिकारियों से अगले महीने के अंत तक राष्ट्रध्वज लगाने का काम पूरा करने को कहा गया है।

इनकम टैक्स केस में राहुल-सोनिया को सुनेगा कोर्ट

नई दिल्ली : २०११-१२ के टैक्स मामले में दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की याचिका पर सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट राजी हो गया। राहुल गांधी, सोनिया गांधी और ऑस्कर फर्नांडिस की अर्जी पर कोर्ट ४ दिसंबर को अंतिम दलीलें सुनेगा। इनकम टैक्स विभाग के मुताबिक, नेताओं ने उस दौरान टैक्स देनदारी में छिपाया कि वे यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर थे। मसलन तब राहुल गांधी की आय १५४ करोड़ होती, न कि ६८ लाख। हाई कोर्ट ने डिपार्टमेंट को फिर से असेसमेंट की इजाजत दी थी।

राहुल और सोनिया ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें २०११-१२ के लिए उनके कर आकलन को दोबारा खोलने के मामले में उन्हें राहत देने से मना कर दिया गया था।

दिवाली पर आग के ५० फोन कॉल

मुंबई: मुंबई दमकल सेवा को पिछले हफ्ते दिवाली के दौरान पांच दिनों में पटाखे छोड़ने से आग लगने की घटनाओं के ५० फोन कॉल आए। एक अधिकारी ने बताया कि वर्ष २०१७ में दिवाली के दौरान हुई इसी तरह की घटनाओं में इस साल बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने इस वर्ष पटाखे छोड़ने के लिए दो घंटे का वक्त निर्धारित किया था। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि शहर के अग्नि नियंत्रण कक्ष को छह से १० नवम्बर के बीच आग लगने के कुल १९६ फोन आए, जिनमें से ५० घटनाएं पटाखे छोड़ने के दौरान हुई दुर्घटनाओं से संबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष पटाखों से आग लगने के ३७ फोन कॉल आए थे।

मोदी सरकार के सामने एक और परेशानी

राफेल, नोटबंदी पर कैग रिपोर्ट में देरी क्यों

नई दिल्ली: मोदी सरकार के सामने एक और परेशानी पैदा हो गई है। करीब ६० पूर्व नौकराशाहों ने नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) को पत्र लिखकर उस पर नोटबंदी और राफेल सौदे पर ऑडिट रिपोर्ट को पेश करने में जानबूझ कर देरी करने और टालने का आरोप लगाया है। इन नौकराशाहों का यह भी कहना है कि कैग ऐसा इसलिए कर रहा है, ताकि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए सरकार की किरकिरी न हो।

पूर्व ब्यूरोक्रेटस ने एक पत्र में कहा है कि कैग को ऑडिट रिपोर्ट संसद के शीत सत्र में पटल पर रखनी चाहिए। रिपोर्ट जारी करने में देरी को पक्षपातपूर्ण कदम कहा जाएगा और इससे संस्थान की साख पर संकट पैदा हो सकता है। इस बारे में कैग से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

देश सौदे की निष्पक्ष जांच चाहता है: कांग्रेस

सुप्रीम कोर्ट में राफेल डील पर दिए केंद्र के ब्योरे को आधार बनाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर हमला बोला। राहुल ने ट्वीट किया, 'सुप्रीम कोर्ट में मोदी जी ने मानी अपनी चोरी। हलफनामे में माना कि उन्होंने बिना वायुसेना से पूछे बिना कॉन्ट्रैक्ट बदला और ३०,००० करोड़ रुपया अंबानी की जेब में डाला।' राहुल ने तंज कसते हुए कहा, 'पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त...।' कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने दसॉ के ण्धि के बयान को मनगढ़ंत झूठ बताया और कहा कि देश इस सौदे की निष्पक्ष जांच चाहता है। इस प्रा-प्लान्ड इंटरव्यू से राफेल में भ्रष्टाचार को दबाया नहीं जा सकता है। भाजपा सरकार और दसॉ के बीच फिक्स्ड मैच है। राफेल डील पर सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक मचे हंगामे के बीच इस लड़ाकू विमान को बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी दसॉ के सीईओ एरिक ट्रैपियर ने सफाई दी और इस सौदे को साफ-सुथरा करार दिया। उन्होंने कहा कि मैं झूठ नहीं बोलता। मैं जिस पोजिशन पर हूं, वहां झूठ बोलने का रिस्क नहीं ले सकता। ट्रैपियर ने इस डील पर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के आरोपों को बेबुनियाद बताया।

फ्रांस के राष्ट्रपति रहे फ्रांस्वा ओलांद के बयान का हवाला देकर राहुल निशाना साध रहे हैं। ओलांद ने कहा था कि दसॉ के ऑफसेट पार्टनर के रूप में भारत सरकार ने रिलायंस डिफेंस का नाम सुझाया था। इस पर दसॉ के सीईओ ट्रैपियर ने कहा कि ओलांद का बयान सही नहीं था। दसॉ ने ही ऑफसेट साझीदार के तौर पर रिलायंस डिफेंस को चुना था। ऑफसेट पार्टनरशिप में सिर्फ रिलायंस डिफेंस नहीं है, २९ अन्य भारतीय कंपनियां भी हैं। जब उनसे रिलायंस को ही ऑफसेट पार्टनर चुनने के पीछे के कारणों पर दबाव देकर पूछा गया, जबकि रिलायंस के पास फाइटर जेट बनाने का कोई अनुभव नहीं है। ट्रैपियर ने साफ किया कि इसमें निवेश किया गया पैसा सीधे तौर पर रिलायंस को नहीं जाएगा, बल्कि यह एक जॉइंट वेंचर को जाएगा। दसॉ भी इसका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह दो सरकारों के बीच डील है, इसलिए हमें भारत को राफेल ९ फीसदी कम दाम पर बेचने पड़े हैं।

बिल्डरों को मिली राहत पहुंचेगी ग्राहकों तक

मुंबई: महाराष्ट्र सरकार ने मंदी की मार झेल रहे बिल्डरों को बड़ी राहत दी है। रेजिडेंशल और कर्मशल दोनों तरह के प्रॉजेक्ट में फंजिबिल और प्रीमियम एफएसआई की लागत घटा दी गई है। इसके अलावा सस्ते घरों का एरिया न्यूनतम ३०० वर्ग फीट करने की भी आधिकारिक पुष्टि कर दी गई। आंतरिक दीवार, रोड चौड़ीकरण के नियम भी आसान कर दिए गए। मंगलवार को इस संदर्भ में सूचना जारी हुई। बिल्डरों को फायदा: बिल्डरों

को रेजिडेंशल बिल्डिंगों के लिए फंजिबल एफएसआई अब ६० प्रतिशत की बजाय ५० प्रतिशत और प्रीमियम एफएसआई भी घटाकर रेडी रेकनर रेट के ५० प्रतिशत के आधार पर दी जाएगी।

ऑफिसों के अंदर अंदरूनी दीवार बनाकर पूरी दीवार तक केबिन बनाई जा सकती है। आर्किटेक्ट शिरीष सुखातमे ने कहा कि कमर्शल बिल्डिंगों के निर्माण को इससे काफी राहत मिलेगी। किसी सोसायटी से रोड का हिस्सा पास होने पर अब तक उसे बतौर मुआवजा प्रभावित एरिया का टीडीआर ही मिलता था। अब इसे बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है, जिससे रोड की चौड़ाई बढ़ाना आसान होगा।

सरकार ने डीसीपीआर के माध्यम से दिया कम प्रीमियम का तोहफा

कमर्शल बिल्डिंगों के लिए भी फंजिबल एफएसआई का प्रीमियम ८० प्रतिशत से घटाकर ६० प्रतिशत, जबकि प्रीमियम एफएसआई भी कम कर ५० प्रतिशत पर ला दी गई है।

मारवाड़ियों-गुजरातियों पर डायबीटीज का खतरा

मुंबई : बिजनेस-व्यापार में अग्रिम भूमिका निभाने वाले गुजराती और मारवाड़ी समुदाय तेजी से मधुमेह की गिरफ्त में आ रहा है। यह बात सामने आई है मधुमेह को लेकर मुंबई में हुए एक सर्वे में। सर्वे के अनुसार, अंधेरी से दहिसर इलाके में रहने वाले लोगों में ४१.८ प्रतिशत गुजराती, जबकि ३९.२ मारवाड़ी लोगों में मधुमेह की शिकायत मिली है।

मधुमेह की समस्या को समझने के लिए गाडगे डायबीटीज सेंटर द्वारा एक सर्वे किया गया। जनवरी से अक्टूबर तक चले इस सर्वे के दौरान विभिन्न समुदाय के ५८८८ लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इसमें १८१४ लोगों में डायबीटीज यानी शुगर की शिकायत मिली। समुदाय के आधार पर देखें तो इसमें ४१८ गुजराती, जबकि ३९२ लोग मारवाड़ी समुदाय से हैं।

खान-पान के बेहद शौकीन

सर्वे करने वाले गाडगे डायबिटीज सेंटर के डॉ. प्रदीप गाडगे ने कहा कि गुजराती और मारवड़ी समुदाय खान-पान के बेहद शौकीन होते हैं। घर के अलावा इन्हें बाहर का खाना भी खूब भाता है, जिसमें भारी मात्रा में मिठाई और दूसरे मीठे उत्पाद शामिल हैं। नतीजतन यह लोग कार्बोहाइड्रेट और फैट युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन अधिक करते हैं। वहीं, इनकी जीवनशैली भी थोड़ी सुस्त रहती है, जिसका असर इनमें डायबीटीज मरीजों के रूप में देखने को मिल रहा है।

BMC का कचरा प्रबंधन प्राइवेट हाथों में

मुंबई: देश की सबसे बड़ी महानगरपालिका ने कचरा प्रबंधन

का काम प्राइवेट हाथों में सुपुर्द करने की शुरुआत कर दी है। कांदिवली, बोरीवली और दहिसर के वॉर्ड में अब कचरा डब्बा उपलब्ध कराने से लेकर उसे डंपिंग ग्राउंड तक ले जाने का पूरा काम प्राइवेट ठेकेदार करेगा। प्रशासन इससे काम को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा होने का दावा कर रहा है। इस प्रयोग के सफल होने के बाद पूरे मुंबई में इस मॉडल को लागू करने की योजना बनाई जाएगी। पुरानी व्यवस्था के बजाए नई व्यवस्था में ठेकेदार को कई गुना पैसा दिया जाएगा। दशकों से कचरा उठाने की पुरानी परंपरा को बदलने के बाद बीएमसी कर्मचारियों ने जोरदार विरोध किया। कई जगहों पर कचरा उठाने के दौरान वाद-विवाद भी हुआ।

कांदिवली, बोरीवली और दहिसर में शुरू हुआ काम

कैसे होगा काम: प्राइवेट सोसायटियों में अब बीएमसी की बजाय ठेकेदार की ओर से डब्बे मुहैया कराए जाएंगे। उन कचरे के भरे डब्बों को तय समय से उठाने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। गाड़ी में भी पूरा स्टॉफ प्राइवेट ही होगा, जो तय व्यवस्था के तहत डंपिंग ग्राउंड तक कचरा पहुंचाएगा। स्लम में दत्तक बस्ती योजना की पुरानी परंपरा के अनुसार ही कचरा उठाया जाएगा। अगले ६ महीनों में इन इलाकों में रोड के किनारे के सभी डब्बे हटा लिए जाएंगे। इसके अलावा नए ठेकेदार को आरएफआईडी संलग्न डब्बे मुहैया कराने होंगे, जिससे पता चल सके कि कचरा समय से उठाया गया है या नहीं। कांदिवली के नगरसेवक कमलेश यादव ने कहा कि पहले दिन केवल कर्मचारी बदले, व्यवस्था पुरानी ही रही।

हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम में होगी नई व्यवस्था

मुंबई: बीएमसी के अस्पतालों में डॉक्टर से मिलने की लाइन में खड़े मरीजों में अक्सर बहस हो जाती है। हर मरीज को डॉक्टर से मिलने की जल्दी होती है, लेकिन अब इस समस्या से निजात मिलने वाली है। वजह, कुछ महीनों बीएमसी के अस्पतालों में डॉक्टरों से मिलने के लिए टोकन नंबर दिया जाएगा। एक बार टोकन नंबर मिलने के बाद जब तक डॉक्टर मरीज को बुलाएगा नहीं, तब मरीज डॉक्टर के पास नहीं जा सकेगा। शुरुआत में नायर, कस्तूरबा, कूपर समेत कुछ अस्पतालों में यह व्यवस्था को शुरू हो जाएगी। इस संदर्भ में स्क्रीन वगैरह आने का इंतजार है। हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के तहत यह व्यवस्था की जाएगी।

दबाव में करते हैं काम

बीएमसी अस्पतालों में डॉक्टर भारी दबाव में काम करते हैं। एक मरीज को देखने के दौरान कई अन्य मरीज आस-पास घेरा बनाकर खड़े हो जाते हैं। लाइन में भी अक्सर परेशानी होती है। नए सिस्टम को एचएमआईएस के जरिए जोड़ा जाएगा। इसके तहत, मरीज जब ओपीडी में जाएगा, तो उसका पंजीकरण होने के बाद उसे एक कंप्यूटर जनित नंबर दिया जाएगा। संबंधित नंबर लेकर मरीज ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने जाएगा। वहां लगे स्क्रीन पर मरीजों का नंबर दिखेगा। मरीज को अपने नंबर का इंतजार करना होगा। जैसे ही मरीज का नंबर स्क्रीन पर दिखेगा, वह डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए अंदर चला जाएगा।

एचएमआईएस के फायदे

एचएमआईएस बीएमसी अस्पतालों की व्यवस्था बदलने वाला महत्वाकांक्षी प्रॉजेक्ट है। इसके तहत, मरीजों के रजिस्ट्रेशन से लेकर सभी प्रकार के टेस्ट, दवाओं की एंट्री ऑनलाइन होनी है। नायर अस्पताल से शुरू किया गया इसका ट्रायल सफल हो रहा है। इससे संबंधित हार्डवेयर दिसंबर मध्य तक उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके पूरी तरह से कार्यान्वित हो जाने के बाद मरीजों को किसी भी बीएमसी अस्पताल में अपना कोई पेपर नहीं ले जाना होगा। केवल रजिस्ट्रेशन नंबर से उसकी सारी रिपोर्ट मिल जाएगी। दवाओं का इतिहास भी जान लिया जाएगा। डॉक्टरों के दवाएं लिखते समय ही उसकी उपलब्धता की जानकारी भी मिल सकेगी। एमआरआई, सीटी स्कैन इत्यादि टेस्ट का नंबर भी ऑनलाइन मिलेगा।

मुंबई क्राइम ब्रांच की शुरू हो रही है मोटर यूनिट

मुंबई : कुछ महीने पहले मुंबई क्राइम ब्रांच की तीन यूनिट्स को बंद कर दिया गया था। इनमें से एंटी मोटर व्हीकल एंड थेफ्ट यूनिट को फिर शुरू किए जाने का प्रस्ताव नए पुलिस कमिश्नर सुबोध कुमार जायसवाल को भेजा गया है। मुंबई पुलिस के तीन अलग-अलग सूत्रों से इस खबर की पुष्टि की है।

इस यूनिट के अलावा एंटी रॉबरी स्क्वॉड और ऐंटि चेन स्नेचिंग स्क्वॉड को भी बंद कर दिया गया था। इनका स्टाफ क्राइम ब्रांच की अलग-अलग यूनिट्स में ट्रांसफर कर दिया गया था। नए पुलिस कमिश्नर के पास एंटी रॉबरी स्क्वॉड और ऐंटि चेन स्नेचिंग स्क्वॉड को बहाल करने का कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया है, पर एंटी मोटर व्हीकल एंड थेफ्ट यूनिट को फिर से शुरू करने के पीछे कुछ बेहद जरूरी तर्क दिए गए हैं। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी के अनुसार, मुंबई में वाहन चोरियां कुछ समय तक कंट्रोल में जरूर रहीं, लेकिन उनमें गिरावट संतोषजनक हद तक नहीं हुई है। पिछले दिनों क्राइम ब्रांच के प्रॉपर्टी सेल ने एक हाईवे गैंग को पर्दाफाश किया था, जो सामान से भरे ट्रकों को ही लूटकर भाग जाता था। उस गैंग के लोग गाड़ी चोरी के एक बड़े रैकेट से भी जुड़े थे। संयोग से बंद की गई एंटी मोटर व्हीकल एंड थेफ्ट यूनिट का स्टाफ प्रॉपर्टी सेल में ही मर्ज किया गया है।

एंटी मोटर व्हीकल एंड थेफ्ट यूनिट के पहले चीफ अरुण चव्हाण कहते हैं कि गाड़ी चोर बहुत साल पहले रॉबरी के लिए चोरी की गाड़ियों का इस्तेमाल करते थे। बाद में आतंकवादियों ने भी बम धमाकों के लिए वाहन चोरियां करना शुरू कर दिया। करीब एक दशक पहले गुजरात में हुए बम धमाकों में नवी मुंबई से गाड़ियां चुराई गई थीं। इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े उस केस को जिन अधिकारियों ने सुलझाया था, उनमें से एक अरुण चव्हाण भी थे। चव्हाण के अनुसार, जब ए. एन रॉय मुंबई के पुलिस कमिश्नर बने, तब उन्होंने एंटी मोटर व्हीकल एंड थेफ्ट यूनिट के साथ ऐंटि रॉबरी स्क्वॉड भी बनाया था। जब राकेश मारिया मुंबई पुलिस कमिश्नर बने, तब उनके समय ऐंटि चेन स्नेचिंग स्क्वॉड वजूद में आया था। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी का कहना है कि अगले कुछ महीनों में आम चुनाव होने को हैं। इतिहास गवाह है कि चुनाव के दौरान मुंबई में सबसे ज्यादा वाहन चोरी होते हैं और फिर वे उत्तर भारत और दक्षिण भारत में मोटे कमिशन पर बेचे जाते हैं। किसी जमाने में मुंबई से चोरी हुई गाड़ियां नेपाल में दाऊद के खास आदमी मिर्जा दिलशाद बेग के गैराज में जमा होती थीं।

बेग वहां सांसद था। करीब दो दशक पहले उसका मर्डर कर दिया गया था।

गलत होगा ताज महल का नाम बदलना: पवार

मुंबई : राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि ताजमहल का नाम बदलना गलत होगा। ताजमहल ने दुनियाभर में भारत का सम्मान बढ़ाया है इसलिए उसका नाम बदलने की जरूरत नहीं है। मंगलवार को यशवंत राव प्रतिष्ठान में मौलाना अबूल कलाम आजाद जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पवार ने शहरों के नाम बदलने की मुहिम की आलोचना करते हुए

कहा कि देश की बुनियादी समस्यों से ध्यान हटाने के लिए नामांतरण की मुहिम शुरु की गई है। शहरों के नाम बदलने से समस्याओं से छुटकारा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में तनाव का वातावरण पैदा करने की कोशिश की जा रही है, जिससे भयानक स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी राम मंदिर बनाने निकली है। हम राम मंदिर के विरोध में नहीं है, पर हमारा न्यायालय पर विश्वास है। न्यायालय जो भी फैसला देगा मुस्लिमों को भी मान्य होगा।

दो फिल्में, हिन्दी और मराठी की अभूतपूर्व लॉन्चिंग, पुणे शहर में

शाईस्ता शेख

पुणे : दिनांक १४ नवम्बर २०१८, की शाम पुणे के रहने वालों के लिए अभूतपूर्व था, जहाँ दस हज़ार से भी ज़्यादा पुणेकर लोगो ने राजनीति और फ़िल्म के संगम का लुत्फ उठाया।

पुणे के लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता और बिल्डर 'तारका फाउंडेशन' के अध्यक्ष आशीष कांटे के जन्मोत्सव में, जहाँ प्रमुख अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले के साथ कई और लोकप्रिय नेतागण मौजूद थे। इस अवसर पर हिंदी फिल्म 'इंग्लिश की टॉय टॉय फिस्स' के संगीत को आशीष कांटे जी ने रिलीज किया, साथ ही मराठी फिल्म 'होरा' के संगीत को भी रिलीज किया। 'होरा' के निर्माता राहुल रविन्द्र म्हात्रे हैं, उनके साथ राजेश ठाकुर, रवि मैनी, दीपक उघाड़े, हेरिटेज मनोरंजन के सहयोग से निर्देशक मनोज एरुनकर, एग्जीक्यूटिव निर्माता ललित गणेश अम्बर एवं प्रदीप लाड़के हैं।

फ़िल्म 'इंग्लिश की टॉय टॉय फिस्स' एक हास्य व्यंग्य और सामाजिक संदेश से सजी फ़िल्म है। फिल्म के निर्देशक शैलेंद्रसिंह राजपूत है, व इसका निर्माण सिद्धांत सिने क्राफ्ट के बैनर के अंतर्गत हुआ है, निर्माता संजीत कुमार ठाकुर एवं शिव प्रसाद शर्मा हैं, सह-निर्माता मनोज खंडेलवाल हैं, संगीत निर्देशक संदीप श्री व कहानी मीनल म्हात्रे राजपूत की है। फ़िल्म के नवोदित कलाकार रोहित कुमार और रूसी अभिनेत्री लेसन करिमोवा व इंग्लैंड के डेविड जोन्स, साथ में राजपाल यादव, मनोज जोशी, गोविंद नामदेव, मुश्ताक़ खान, विजू खोटे एवं सुनील पाल हैं। फ़िल्म को महमूद अली, पेन एन कैमरा इंटरनेशनल से रिलीज़ कर रहे हैं। अन्य अतिथि इंडियन क्रिकेटर शार्दूल ठाकुर, एक्टर रोहन खतरे, अशोक शिंदे, शीतल अहिर्रो, मीरा जोशी, सिद्धांत घरत, विशाल मोहिते एवं मुश्ताक़ खान सहित पुणे एवं मुम्बई के कई मीडिया कर्मी मौजूद थे।

मुंबई महानगर पालिका के /ईस्ट वार्ड के अंतर्गत जो भी महिला बचत गट है उन सब को एक्सहिबिशन लगाने का मौका ०१.११.२०१८ को दिया गया, जिसमें काजल कारण ठाकुर जो की इशानी महिला बचत गट से है उन्होंने भी हिस्सा लिया.

१० के सिक्के पर विवाद, पानवाले की ली जान

नासिक, मालेगांव में शुक्रवार को १० रुपये का सिक्का विवाद की वजह बन गया। इस घटना में एक अज्ञात शख्स ने एक पान की दुकान के मालिक (५३) की पिटाई कर दी, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई।

मृतक सईद अहमद अब्दुल हामिद कई वर्षों से सरदार चौक पर पान की दुकान चला रहे थे। रात ८ बजे एक शख्स उनकी शॉप पर आया और तंबाकू की एक पैकेट मांगने लगा। शख्स ने इसके एवज में २० रुपये दिए और हामिद ने उसे १० रुपये का सिक्का लौटा दिया। हालांकि, हमलावर ने दुकानदार से कहा कि वह उन्हें १० रुपये का नोट दे न कि सिक्का। इस पूरे मामले के बाद दोनों के बीच नौबत हाथापाई की आ गई। विवाद के दौरान हामिद के चेहरे पर गहरे घाव लगे, जिनसे काफी खून बहने लगा। घटना के बाद आस-पास खड़े लोगों ने खून से लथपथ हामिद को मनमाड स्थित सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मालेगांव सिटी पुलिस स्टेशन के पुलिस इन्स्पेक्टर वीएन ठाकुरवाड़ इस मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शेख मुजफ्फर मुस्तफा इस पूरी घटना के गवाह हैं, जिन्होंने मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया है कि हमलावर के साथ कई अन्य लोग मौजूद थे। पुलिस ने हमलावर की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है।

भतीजे ने मामूली बात पर चाचा को उतारा मौत के घाट

वेंगुर्ला: महाराष्ट्र के वेंगुर्ला तालुका में मामूली बात पर भतीजे द्वारा अपने चाचा की हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना यहां के वजराठ-पिंपलगांव की है। महज पेड़ की शाख तोड़ने पर चाचा और भतीजे में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद आरोपी ने चाचा को बुरी तरह से पीटा जिसमें उनकी जान चली गई। मृतक का शिनाख्त ४५ वर्षीय विलास सावंत जबकि आरोपी की पहचान ३८वर्षीय गुंडू सावंत के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक, विलास की अपने भाई दिगंबर सावंत और भतीजे गुंडू के साथ काजू के पेड़ की शाख तोड़ने को लेकर झगड़ा हुआ था। इस झगड़े के वक्त गुंडू ने अपने चाचा विलास के सिर पर लकड़ी से प्रहार किया था जिसकी वजह से ही उनकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने दोनों संदिग्ध को हिरासत में लेकर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

विलास सावंत और दिगंबर सावंतसगे चचेरे भाई हैं। दोनों में पिछले कई सालों से जमीन के लेकर विवाद है। शनिवार शाम ५.३० बजे दिगंबर घर के पास कएं से पानी लेने गए थे। उसी वक्त उन्हें काजू के पेड़ की शाख टूटी हुई दिखाई दी। इस संबंध में जब दिगंबर ने अपने चचेरे भाई विलास को से पुछा तो दोनों के विवाद शुरू हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया की दोनों की हाथापाई शुरू हो गई।

झगड़े के पता चलता ही दिगंबर का बेटा गुंडू भी वहां पहुंच गया। जिसके बाद उसने सीधे लकड़ी दंडे से अपने चाचा को मारना शुरू कर दिया। गुंडू ने विलास को बुरी तरह पीटा जिस वजह से वह गंभीर रुप से घायल हो गए। उसी हालत में उन्हें नजीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान विलास की मौत हो गई।

वसंत कुंज डबल मर्डर : सरेंडर करने थाने पहुंचा आरोपी, बताई हत्या की वजह

नई दिल्ली : देश की राजधानी के पॉश इलाके वसंत कुंज में महिला फैशन डिजाइनर माला लखानी और उनके नौकर की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा सामने आया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी राहुल का लखानी से पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। इसे लेकर उनके बीच कुछ दिनों पहले झगड़ा भी हुआ था, जिसके बाद उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और बुधवार देर रात अपने इरादों को अंजाम भी दे डाला। इतना ही नहीं, वारदात को अंजाम देने के बाद वे खुद ही सरेंडर करने पुलिस स्टेशन पहुंच गए। पुलिस के अनुसार, गुरुवार तड़के करीब २:४५ बजे ३ लोग पुलिस स्टेशन पहुंचे और मर्डर के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस निशानदेही के लिए तुरंत मौके पर पहुंची, जहां उन्हें घर की मालकिन माला लखानी (५३) और उनके नौकर बहादुर (५०) का शव खून से लथपथ मिला। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस वारदात का मुख्य आरोपी राहुल माना जा रहा है, जो लखानी के वर्क शॉप में काम करता था। लखानी ने अपने घर के एक हिस्से में ही वर्क शॉप बनाया था, जहां वह दर्जी की हैसियत से काम करता था।पुलिस सूत्रों के अनुसार, लखानी के वर्कशॉप में राहुल पुराना टेलर था। हालांकि पैसों को लेकर उसका लखानी से विवाद चल रहा था। कुछ दिनों पहले भी दोनों के बीच इसे लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद राहुल ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम देने की साजिश की।बताया जाता है कि वे १० दिनों से इसकी योजना बना रहे थे और उसने इसके लिए बाजार से चाकू भी खरीदा था। वे बुधवार को जब लखानी के घर में दाखिल हुए तो उनका इरादा लूटपाट था और विरोध किए जाने पर उन्होंने लखानी व उनके नौकर दोनों की हत्या कर दी।



बताया जाता है कि राहुल कपड़ों का डिजाइन दिखाने के बहाने लखानी से मिलने पहुंचा। इसके बाद उसने अपने दो साथियों- रहमत और वसीम के साथ मिलकर उन्हें चाकू से गोद डाला। इस बीच, चीख-पुकार सुनकर जब नौकर बहादुर उन्हें बचाने आया तो उन लोगों ने उन्हें भी मार डाला। इसके बाद वे वहां से कीमती सामान समेटकर भाग निकले। वे लखानी की कार लेकर ही घटनास्थल से फरार हुए, लेकिन जब उन्हें इस घटना में फंसने का अंदेशा हुआ तो वे खुद ही पुलिस स्टेशन पहुंचे और सरेंडर कर दिया।

बाल दिवस पर माता पिता सेवा केंद्र पर पठन पाठन और खेल सामग्री वितरण

बच्चे हैं देश के भविष्य, सब मन के सच्चे - भारतेन्दु

संवाददाता

मुंबई, बाल दिवस के अवसर पर आदिवासी गरीब बच्चों को पठन पाठन और खेल सामग्री माता-पिता सेवा केन्द्र मासवन पालघर में वितरित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत केन्द्र पर संगीत की शिक्षा ले रहे बच्चों ने योगीराज भारत भूषण भारतेन्दु जी के साथ संगीत मय आदिवासी गीत प्रस्तुत किया बाल दिवस के दिन योगी राज भारतेन्दु ने 'श्रीहरि गुरुकुल' की स्थापना की जिसमें यहां के स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने और उनके अच्छे भविष्य के लिए भगीरथ प्रयास सराहनीय है।तथा मुंबई से पधारी बाल कलाकार यशस्वी और ख्याती ने गीत और नृत्य नाटिका की प्रस्तुति ने लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर किया।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रग्यात द्विवेदी वन्दना द्विवेदी निदेशक (अल्विडो विराट) सन्स्था द्वारा किये गये कार्य की सराहना की तथा हर संभव मदद का वादा किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यम उपाध्याय,रेनू गुप्ता,तन्मय कोड़ी,करन चौबे, वैशाली,नयन, सतीश,हरि दादा आदि ने सहयोग किया।

ठाणे से शिवसेना के पार्षद संजय पांडे के बेटे का हवा में फायरिंग करने का एक वीडियो वायरल

मुंबई: देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से सटे ठाणे से शिवसेना के पार्षद संजय पांडे के बेटे का हवा में फायरिंग करने का एक वीडियों सामने आया है. खबरों के अनुसार ठाणे से शिवसेना के पार्षद संजय पांडे के बेटे नील पांडे के जन्मदिन के मौके पर लोनावाला में एक पार्टी का आयोजन किया गया था. इस पार्टी का एक वीडियो सामने आया है जिसमें नील गन से फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहे है. नील द्वारा बन्दुक से फायरिंग करने का वीडियो वायरल होने का बाद ठाणे पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है.ठाणे के वर्तकनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पीसी गिरिधर के अनुसार फायरिंग करते हुए नील का वीडियो वायरल होने के बाद उन्होंने नील के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इसके बाद वे इस पूरे मामले को लोनावाला पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है .क्योंकि यह घटना लोनावाला में घटित हुई है. बता दें कि ९ नवंबर को नील पांडे के जन्मदिन को लेकर लोनावाला में यह पार्टी आयोजित की गई थी. जिस दौरान एक आदमी उन्हने बंदूक लाकर देता है और वे कुर्सी पर बैठे-बैठे फायरिंग करतें हैं. पूरी घटना को उनके पिता साजिश करार दे रहें है.

कांग्रेस को मिलेगा नेता प्रकाश आंबेडकर का साथ - पृथ्वीराज चव्हाण

मुंबई: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने बुधवार को कहा कि दलित नेता प्रकाश आंबेडकर लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए राज्य में कांग्रेस नीत गठबंधन का हिस्सा होंगे. चव्हाण ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी असदुद्दीन ओवैसी नीत एआईएमआईएम के साथ मंच साझा नहीं करेगी जिसके साथ आंबेडकर के भारिपा बहुजन महासंघ ने गठजोड़ किया है.आंबेडकर संविधान निर्माता बीआर आंबेडकर के पौत्र हैं. पूर्व मुख्यमंत्री ने कोल्हापुर में पत्रकारों से कहा कि भारतीय रिपब्लिक पार्टी बहुजन महासंघ नेता प्रकाश आंबेडकर अगले साल होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस नीत गठबंधन का हिस्सा होंगे, लेकिन एआईएमआईएम के साथ हमारा गठबंधन मंच साझा नहीं करेगा. आंबेडकर इस शर्त के साथ कांग्रेस से हाथ मिलाने पर जोर दे रहे थे कि पार्टी शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से अपना गठबंधन खत्म कर दे. दूसरी ओर, कांग्रेस के एक तबके का नजरिया है कि पार्टी को महाराष्ट्र की सभी ४८ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी करनी चाहिए.

मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)

अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह